**24/07**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्रश्नपत्र लीक की घटना के बाद पिछले ढाई महीनों में सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले के दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कल जारी एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की पहली जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना थी कि छात्रों का एक भी शैक्षणिक वर्ष बर्बाद न हो, इसलिए परीक्षाएँ जल्द से जल्द आयोजित कराना आवश्यक था। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र लीक कोई मामूली घटना नहीं है, बल्कि यह लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने कल संबंधित विभागों को फास्ट-ट्रैक अदालतों के गठन का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। विभागों ने लगातार कार्य करते हुए देर रात उन्हें इसका मसौदा सौंप दिया। उन्होंने कहा कि फास्ट-ट्रैक अदालतों और दोषियों के लिए कड़ी सजा के प्रावधान वाले इस मसौदे पर मंत्रिमंडल में चर्चा होगी। मंत्रिमंडल के सहयोगियों के सुझाव शामिल करने के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमवार से संसद के दूसरे सप्ताह की कार्यवाही शुरू होने पर सरकार इस विधेयक को यथाशीघ्र सदन से पारित कराने का हरसंभव प्रयास करेगी।

0000000000000000000000000000

रीवॉच गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. जोराम बेगी के नेतृत्व में आज ईटानगर स्थित लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाईक रिटायर्ड से मुलाकात की। इस दौरान रीवॉच को विश्व की प्राचीन परंपराओं, संस्कृतियों और विरासत के विश्वविद्यालय 'यूवॉच' के रूप में विकसित करने के विज़न पर चर्चा हुई। इसे स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों, पारंपरिक संस्कृतियों, विरासत अध्ययन तथा सतत जीवनशैली के संरक्षण, अध्ययन और संवर्धन के लिए वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। राज्यपाल ने रीवॉच की पंद्रह वर्षों की उल्लेखनीय यात्रा तथा अरुणाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के अनुसंधान, प्रलेखन, संरक्षण और संवर्धन में अग्रणी योगदान की सराहना की।

0000000000000000000000000000

शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना ने आज जिला परिषद सदस्यों और ग्राम पंचायत अध्यक्षों के साथ एक समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जमीनी स्तर पर सुशासन को सशक्त बनाने और गांवों के विकास में तेजी लाने के उपायों पर चर्चा की गई। श्री सोना ने कहा कि पंचायती राज प्रतिनिधि जनता के लिए प्रथम संपर्क बिंदु होते हैं और उनसे ईमानदारी, प्रतिबद्धता तथा जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का आग्रह किया।

बैठक में कृषि एवं बागवानी, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, स्वास्थ्य सेवाएं, आधार नामांकन, सड़क संपर्क, वन संरक्षण तथा जन शिकायतों के समयबद्ध समाधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

0000000000000000000000000

भारतीय सेना ने अपर सियाङ अज़िले के तूतिंग में 'शौर्य संबंध' कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले पूर्व सैनिकों से जुड़ना था, जहां कल्याणकारी सेवाओं तक पहुंच सीमित रहती है। कार्यक्रम में केंद्र सरकार और भारतीय सेना की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, पेंशन संबंधी लाभ, स्वास्थ्य सुविधाओं, वित्तीय सहायता, पुनर्वास के अवसरों तथा पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए उपलब्ध अन्य अधिकारों के बारे में विशेष रूप से जागरूकता फैलायी गई। प्रतिभागियों को इन सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई, ताकि वे अपने सभी वैध अधिकारों का लाभ उठा सकें।

0000000000000000000000000

तवांग उपायुक्त नामग्याल आङमो ने आज उपायुक्त कार्यालय कॉनफ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय निगरानी समिति की तीसरी बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों और क्षेत्रीय अधिकारियों को अपने-अपने मुख्यालयों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने

सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की जवाबदेही और उपलब्धता के महत्व पर विशेष बल दिया।

0000000000000000000000000

देरा नातुङ गवर्मेंट कॉलेज, ईटानगर ने आज NESO फ्यूजेनसिस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को इंटर्नशिप, औद्योगिक अनुभव तथा परियोजना कार्य के अवसर उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, शिक्षक एवं छात्र विनिमय कार्यक्रमों तथा अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे छात्रों और शिक्षकों की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक दक्षता में वृद्धि होगी। इस साझेदारी का एक प्रमुख उद्देश्य जैविक खेती, सतत कृषि पद्धतियों तथा ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना भी है।

0000000000000000000000000

मोन्युल एफसी ने कल यूपिया स्थित गोल्डन जुबली आउटडोर स्टेडियम में आयोजित अरुणाचल महिला फुटबॉल लीग-2026 का खिताब अपने नाम किया। वहीं, कुरुंग कुमे जिला फुटबॉल संघ उपविजेता रहा। पुरस्कार वितरण समारोह में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के कोषाध्यक्ष तथा अरुणाचल प्रदेश फुटबॉल संघ के अध्यक्ष किपा अजय सहित APFA के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

000000000000000000000000000

पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ FIDE के अंतरिम अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। यह जिम्मेदारी उन्हें फिडे के रूसी अध्यक्ष अर्कादी द्वोरकोविच का नाम यूरोपीय संघ की नवीनतम प्रतिबंध सूची में शामिल होने के बाद सौंपी गई है। आनंद तब तक अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे, जब तक द्वोरकोविच पर स्विट्ज़रलैंड और यूरोपीय संघ के लागू कानूनों एवं नियमों के तहत लगाए गए प्रतिबंध प्रभावी रहेंगे।

000000000000000000000000000